

# अष्टादश बिहार विधान सभा

## प्रथम सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या- 02 मंगलवार, दिनांक- 02 दिसम्बर,2025 ई०।

माननीय अस्थायी अध्यक्ष, श्री नरेन्द्र नारायण यादव की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वा० से 11:50 बजे पूर्वा० तक

**[1] माननीय सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण :-**

माननीय अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शपथ/प्रतिज्ञान की कार्यवाही प्रारंभ हुई, जिसमें कुल 05 (पाँच) माननीय सदस्यों ने बारी-बारी से शपथ/प्रतिज्ञान किया।

**[2] अध्यक्ष का निर्वाचन :-**

अध्यक्ष के निर्वाचन के पूर्व अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभा सचिव ने माननीय राज्यपाल से प्राप्त आदेश को निम्न प्रकार पढ़ा :-

" बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 9(1) के अनुसार, मैं आरिफ मोहम्मद खां, बिहार का राज्यपाल, इसके द्वारा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष चुनाव के लिए दिनांक 02 दिसम्बर 2025 की तिथि निर्धारित करता हूँ।

पटना, ह०/-आरिफ मोहम्मद खां

दिनांक- 25 नवम्बर, 2025 राज्यपाल, बिहार ।"

पुनः अस्थायी अध्यक्ष की अनुमति से सभा सचिव ने बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 9 एवं 56 जो क्रमशः अध्यक्ष के निर्वाचन एवं मत विभाजन से संबंधित है, को पढ़कर सुनाया।

तदुपरांत अस्थायी अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि बिहार विधान सभा के अध्यक्ष पद के लिए 04 (चार) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो सभी श्री प्रेम कुमार, स०वि०स० के पक्ष में है।

इन सभी प्रस्तावों में सर्वप्रथम प्राप्त प्रस्ताव को सदन में पेश करने हेतु श्री सम्राट चौधरी, स०वि०स०, प्रस्तावक सदस्य को अनुमति दी गई, जिसका अनुमोदन श्री विजय कुमार चौधरी, स०वि०स० द्वारा किया गया।

तदुपरांत माननीय अस्थायी अध्यक्ष ने प्रस्ताव किया कि श्री प्रेम कुमार, स०वि०स० बिहार विधान सभा के अध्यक्ष चुने जायें। प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

तत्पश्चात् माननीय अस्थायी अध्यक्ष द्वारा श्री प्रेम कुमार, स०वि०स० को अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गयी।

तदुपरांत अस्थायी अध्यक्ष महोदय की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार एवं माननीय सदस्य, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ससम्मान श्री प्रेम कुमार को अध्यक्ष के आसन तक ले गए एवं आसन पर बिठाया। आसन ग्रहण करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## [3] अध्यक्ष को बधाई :–

माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार एवं निम्नांकित सभासदों ने अध्यक्ष को बधाई दी तथा उनके प्रति शुभकामना प्रकट की :–

(i) श्री सम्राट चौधरी, माननीय उप मुख्यमंत्री,
(ii) श्री विजय कुमार सिन्हा, माननीय उप मुख्यमंत्री
(iii) श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री
(iv) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, स०वि०स०
(v) श्री राजू तिवारी, स०वि०स०
(vi) श्री मनोहर प्रसाद सिंह, स०वि०स०
(vii) श्रीमती दीपा कुमारी, स०वि०स०
(viii) श्री अख्तारूल ईमान, स०वि०स०
(ix) श्रीमती स्नेहलता, स०वि०स०
(x) श्री अरूण सिंह, स०वि०स०
(xi) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(xii) श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता, स०वि०स०
(xiii) श्री कुमार सर्वजीत, स०वि०स०

## [4] अध्यक्ष का संबोधन:–

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सर्वसम्मति से बिहार विधान सभा का अध्यक्ष चुने जाने पर सदन को संबोधित किया गया। (यथा संलग्न)

आसन द्वारा दिनांक 04.12.2025 को उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तिथि नियत की गई। इसके लिए दिनांक 03.12.2025 को 12:00 बजे मध्याह्न तक नामांकन प्रस्ताव की सूचना देने की घोषणा की गई।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 के 11:00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक 02.12.2025

डा० ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।